बिहार सरकार,
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग,

# कार्यालय : प्रधान मुख्य वन संरक्षक, बिहार, पटना।

(कैम्पा एवं वन संरक्षण संभाग)

तृतीय तल, अरण्य भवन, शहीद पीर अली खाँ मार्ग, पटना–800 014

संख्या–व.सं. / 59 / 2018– 437

प्रेषक,

राकेश कुमार, भा०व०से०,
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कैम्पा)
–सह–नोडल पदाधिकारी (वन संरक्षण),
बिहार, पटना।

सेवा में,

प्रमंडलीय अभियन्ता,
OFC (Project) BSNL,
हजारीबाग।

पटना 14, दिनांक– 20/05/2020

विषय – जमुई जिलान्तर्गत देवघर–चकाई पथ के किनारे ऑप्टिकल फाईबर केबल बिछाने हेतु वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के तहत 0.9 हे० वन भूमि अपयोजन प्रस्ताव पर सैद्धान्तिक स्वीकृति पत्र में अधिरोपित शर्त्तों के अनुपालन के संबंध में।

प्रसंग – इस कार्यालय का पत्रांक FC-175 दिनांक 18.02.2019 (छायाप्रति संलग्न)।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक संबंध में सूचित करना है कि प्रसंगाधीन पत्र के माध्यम से विषयाधीन परियोजना निर्माण हेतु सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान की गयी थी। सैद्धान्तिक स्वीकृति पत्र में अधिरोपित शर्त्त संख्या (ii) एवं (iii) के आलोक में कुल राशि रू० 10.80,512 /– मात्र को मंत्रालय के वेव–साईट parivesh.nic.in से e-challan generate कर Bihar CAMPA के account में online Mode द्वारा फंड ट्रांस्फर कर राशि जमा कराते हुए कंडिकावार अनुपालन की मांग की गयी थी।

उक्त राशि में शर्त्त संख्या (ii) के आलोक में क्षतिपूरक वनरोपण हेतु 50 पौधों के रोपण के लिये रू० 5,17,112 /– मात्र की राशि भी समाहित था जिसका आकलन तत्कालिक मजदूरी दर रू० 257 प्रतिमानव दिवस पर किया गया था।

आपके कार्यालय पत्रांक DET/OFC(P)/HZB/Forest-74 (B)/2020-2021 दिनांक 29.04.2020 द्वारा एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद मांग की गयी राशि कैम्पा लेखा में जमा कराते हुए कंडिकावार अनुपालन समर्पित की गयी है। उल्लेखनीय है कि श्रम संसाधन विभाग, बिहार द्वारा समय–समय पर निर्गत अधिसूचनाओं के आलोक में वर्त्तमान मजदूरी दर रू० 287 /– प्रतिमानव दिवस हो गया है।

अनुरोध है कि क्षतिपूरक वनीकरण मद के अन्तर की राशि (रू० 5,57,023.00 – 5,17,112.00) अर्थात रू० 39,911 /– (रूपये उनचालीस हजार नौ सौ ग्यारह) मात्र को **मंत्रालय के वेव–साईट parivesh.nic.in से e-challan generate कर Bihar CAMPA के account में online Mode द्वारा फंड ट्रांस्फर कर राशि जमा कराई जाय।** साथ ही संशोधित कंडिकावार अनुपालन समर्पित करने की कृपा की जाय।

अनु०–यथोक्त।

विश्वासभाजन,
20.5.2020

(राकेश कुमार)
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कैम्पा)
–सह–नोडल पदाधिकारी (वन संरक्षण),
बिहार, पटना।

Scanned by CamScanner